रेल मंत्री (श्री सी० के० जाफर शरीफ़): (क) जी, नहीं ।

(ख) वाणिज्यिक औचित्य न होने के कारण ।

भुज, गुजरात में रेल लाइन का परिवर्तन

544. **श्री राघवजी** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गुजरात में कच्छ के मुख्यालय भुज में जो कि क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत के बड़े जिलों में से एक है, मीटर रेल लाइन को बड़ी लाइन में परिवर्तित करने हेतु क्या कार्यवाही की जा रही है ;

(ख) उपरोक्त आमान-परिवर्तन का कार्य कब तक प्रारंभ किए जाने की संभावना है; और

(ग) यदि यह कार्य प्रारंभ नहीं किया जा रहा है, तो उसके क्या कारण हैं

रेल मंत्री (श्री सी० के० जाफर शरीफ़) : (क) इस कार्य को 1995-96 के बजट प्रस्तावों में शामिल कर लिया गया है ।

(ख) योजना आयोग से स्वीकृति मिलने पर कार्य शुरू किया जाएगा ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

थ्री-टियर वातानुकूलित शयन-यानों का प्रयोग

545. **श्री राघवजी** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने देश में थ्री-टियर वातानुकूलित शयन-यानों का प्रयोग शुरू कर दिया है ;

(ख) यदि हां, तो इनका प्रयोग किन-किन मार्गों पर और कब से शुरू किया गया है ;

(ग) यदि नहीं, तो इनका प्रयोग कब तक शुरू कर दिए जाने की संभावना है; और

(घ) क्या सरकार की भविष्य में ऐसे शयनयानों का अधिक से अधिक प्रयोग करने की योजना है; यदि हां, तो वर्ष 1995-96 के दौरान इन शयनयानों का उपयोग किन-किन मार्गों पर किया जाएगा ?

रेल मंत्री (श्री सी० के० जाफ़र शरीफ़) : (क) से (ग) शुरू में दिसम्बर, 1993 में नई दिल्ली-हावड़ा राजधानी (बरास्ता पटना) में यह व्यवस्था की गई थी । नई दिल्ली-हावड़ा, नई दिल्ली-हजरत निजामुद्दीन-बंबई, नई दिल्ली-गुवाहाटी, नई दिल्ली-भुवनेश्वर, हजरत निजामुद्दीन-सिकंदराबाद-बंगलौर, हजरत निजामुद्दीन-मद्रास-त्रिवेन्द्रम, हजरत निजामुद्दीन नई दिल्ली-जम्मू तवी मार्गों पर चलने वाली सभी राजधानी एक्सप्रेस गाड़ियों और नई दिल्ली-इलाहाबाद के बीच चलने वाली प्रयागराज एक्सप्रेस और नई दिल्ली-हावड़ा के बीच चलने वाली पूर्वा एक्सप्रेस में वातानुकूल तीन टियर शयनयानों की व्यवस्था की गई है ।

(घ) जी हां, तथापि 1995-96 के दौरान इन सवारी डिब्बों को चलाया जाना उत्पादन कारखानों से ऐसे सवारी डिब्बों के उत्पादन पर निर्भर करता है ।

Development to township in Bandra on Railway Land

546. SHRI AJIT P. K. JOGI: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that a township has been developed on railway land at Bahrampada in Bandra (BOM);

(b) if so, the details in this 'regard;, and

(c) whether Government permitted to develop such a township there?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI C. K. JAFEER SHARHSF): (a) to (c) About 2,603 hutment